कोटद्वार, रविवार
12 नवम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 194 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

समस्त सुधी पाठकों,विज्ञापनदाताओं, हॉकरों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें



–सम्पादक

सूचना

दीपावली के शुभ अवसर पर दैनिक जयन्त समाचार पत्र के कार्यालय में अवकाश रहेगा। दैनिक जयन्त का अगला अंक 14 नवम्बर 2023 को प्रकाशित होगा।

–प्रबंधक

# भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कुम्हार मंडी क्षेत्र का भ्रमण कर दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दिये व अन्य सामान तैयार करने वाले कुम्हारों से मिले तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी मिट्टी के दिये खरीद कर सभी से मिट्टी के दिये खरीदने तथा दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दिये दीपावली के पर्व को पावनता प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के घरों में दीपावली पर जलने वाले दिये कुम्हारों की खुशहाली तथा आर्थिक समृद्धि का भी माध्यम बनते हैं।

मुख्यमंत्री ने खरीदे गये दियों का डिजिटल माध्यम से भुगतान करते हुए कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन देश में तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने डिजिटलाईजेशन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। कुछ वर्षों में यूपीआई तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था और आदतों का हिस्सा बन गया है। यह डिजिटल भारत की नींव है, यह अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक



डिजिटल सेवाएं पहुंचाने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं इससे हमारे पारम्परिक उत्पादों को भी पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोग यदि स्थानीय उत्पादों के क्रय पर ध्यान दे तो हमारा देश भी आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा तथा स्थानीय उत्पादकों का बनोबल भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने सुख, समृद्धि और

**◆मुख्यमंत्री ने खरीदे मिट्टी के दिये, डिजिटल माध्यम से किया भुगतान**
**◆मुख्यमंत्री ने कुम्हार मंडी क्षेत्र का किया भ्रमण, कुम्हारों से की मुलाकात**

संपन्नता के प्रतीक दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्य का संचार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली का यह पर्व हम सबके जीवन को प्रकाशमय करने के साथ हम सबके जीवन में धन, ऐश्वर्य और संपन्नता लेकर आये, इसकी भी उन्होंने कामना की है।

## धामों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर, देखकर श्रद्धालुओं के खिले चेहरे

**जोशीमठ (चमोली)/ रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ में लगातार तीसरे दिन भी जमकर बर्फबारी हुई। इस दौरान लगभग 4 इंच तक नई बर्फ जमी, जिस कारण केदारपुरी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस दौरान यात्री, अधिकारी–कर्मचारी भी ठंड स ठिठुरते रहे। धाम में अधिकतम तापमान 3 डिग्री और न्यूनतम तापमान माइनस 9 डिग्री रहा।खराब मौसम के कारण केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य भी व्यापक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही सिमेंट से जुड़े कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। शनिवार को सुबह से केदारनाथ में बादल छाए रहे। दिन चढ़ने के साथ यहां मौसम का मिजाज बदलता रहा। दोपहर सवा 12 बजे से केदारनाथ में बर्फबारी होने लगी थी। लगभग दो घंटे तक केदारपुरी में तेज बर्फबारी होती रही।

## बेटे ने मां की डंडे से पीटकर की हत्या, पुलिस ने भेजा जेल

**नई टिहरी :** चंबा क्षेत्र में मां की डंडे से पीटकर हत्या के आरोपी बेटे को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बीते दिन पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया था। चंबा थानाध्यक्ष एलएस बुटोला ने बताया कि बीती शुक्रवार शाम को चंबा के स्वाडी गांव निवासी रविन्द्र दत्त ने चंबा थाने में आकर सूचना दी थी उनके बेटे आकाश ने उनकी पत्नी कमलेश देवी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी है। टिहरी एसएसपी नवनीत भुल्लर और एएसपी जेआर जोशी ने मामले को गंभीरता से लेते हुये चंबा थानाध्यक्ष को तत्काल पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिये। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने हत्यारोपी आकाश (23) पुत्र रविन्द्र दत्त निवासी ग्राम स्वाडी को शुक्रवार की रात गांव के पास सड़क से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में अभियुक्त आकाश ने बताया कि उसकी मां बार-बार उसे नौकारी पर जाने के लिये कहती थी, जिस कारण घर में हमेशा उसका अपनी मां से झगड़ा होता रहता था। शुक्रवार की सुबह भी मां ने उसे नौकारी पर जाने के लिए कहा, इसी बात को लेकर दोनों का आपस में झगड़ा बढ़ गया,और हाथापाई शुरू हो गई। गुस्से में आकर आकाश ने कमरे के दरवाजे के पीछे रखे डंडे से अपनी मां के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। अभियुक्त आकाश की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त डंडे को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में अरविंद रतूड़ी, राजेश वर्मा, मदन,राजेश, पुष्पेंद्र और गीता आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## भगवान भैरवनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

**रुद्रप्रयाग (सं):** केदारनाथ धाम की पहाड़ी पर स्थित भगवान भैरवनाथ के कपाट विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। शनिवार को केदारनाथ के मुख्य पुजारी ने करीब 12 बजे केदारनाथ मंदिर में भगवान केदारनाथ की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया। जबकि इसके बाद एक बजे केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिव लिंग, तीर्थ पुरोहित एवं बदरी-केदार मंदिर समिति के कर्मचारियों के साथ केदारपुरी की पहाड़ी पर स्थित भैरवनाथ मंदिर पहुंचे, जहां भैरवनाथ के कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

भैरवनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ पाषाण मूर्तियों का दूध व घी से अभिषेक किया। वेदपाठी एवं तीर्थपुरोहितों ने मंत्रों के साथ जौ, तिल व घी से हवन किया। इस दौरान यहां पर पूरी, हलवा, पकोड़ी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया



गया। इस दौरान भगवान भैरवनाथ के पश्वा पर भैरवनाथ अवतरित हुए। जहां भक्तों ने भगवान ने आशीर्वाद दिया।

मंदिर में करीब दो घंटे चली पूजा-अर्चना के बाद ठीक तीन बजे भगवान भैरवानाथ के कपाट पौराणिक रीति रिवाजों के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस मौके पर मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी, भैरवनाथ के पश्वा अरविंद शुक्ला, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, मृत्युंजय हीरेमठ, पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। (एजेंसी)

## नौकरी लगवाने के नाम पर महिला से पांच लाख की ठगी

**संवाददाता**

**हरिद्वार :** भेल में नौकरी लगवाने के नाम पर एक महिला से पांच लाख की ठगी कर ली गई। महिला ने भेल के एक अधिकारी समेत दो आरोपियों के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में अनीता सेठ पत्नी संजय सेठ निवासी शिवालिक नगर ने बताया कि वर्ष 2017 में उसके पति का देहांत हो गया था। पति के देहांत के बाद उसकी मुलाकात सुनील कश्यप निवासी बंगाली कालोनी रानीपुर से हुई। आरोप है कि सुनील ने भेल में तैनात कई वरिष्ठ अधिकारियों से अपने संपर्क होने का दावा करते हुए उसकी नौकरी लगवाने की बात कही।

आरोप है कि उसने उसकी मुलाकात भेल में तैनात बता रहे राकेश कुमार चोखानी निवासी सेक्टर तीन निकट डीपीएस स्कूल से उनके घर पर कराई। आरोप है कि पांच लाख रुपये देने पर उसकी नौकरी लगने का दावा किया गया। आरोप है कि उसने रकम दे दी लेकिन उसके बाद टाल मटोल शुरू कर दी गई। कुछ समय बाद राकेश कुमार चोखनी का ट्रांसफर हैदराबाद होने पर जब संपर्क किया गया तब उसने ईडी बनकर आने की बात कहते हुए नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया।

आरोप है कि न उसकी नौकरी लगी और न ही उसकी रकम वापस दी गई। रकम वापस मांगने पर हत्या कर देने की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बीमार पत्नी से मिलने जेल से घर पहुंचे सिसोदिया, कोर्ट ने दिया है शाम 4 बजे तक का समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में सजा काट रहे दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया अपनी बीमार पत्नी से मिलने जेल से घर पहुंचे हैं। बता दें कि बीत रोज कोर्ट ने उन्हें 6 घंटे के लिए पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। कोर्ट की मंजूरी के मुताबिक सिसोदिया सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी बीमार पत्नी से मुलाकात कर सकते हैं। इस समय सिसोदिया अपनी पत्नी से उस घर में मुलाकात कर रहे हैं जो अब आधिकारिक तौर पर दिल्ली सरकार ने आतिशी को आवंटित कर दिया है।



**अयोध्या में बना रिकॉर्ड, एक साथ जले 22 लाख 23 हजार दीये, सीएम ने की आरती, तस्वीरें**

लखनऊ। दीपोत्सव पर राम की नगरी अयोध्या दीयों से जगमगा उठी है। नगर में हर तरफ दीयों की कतार ही नजर आती है। इस बार के दीपोत्सव में अयोध्या धाम में एक साथ 22 लाख 23 हजार दीयों को जलाने का रिकॉर्ड बनाया गया। सब कुछ ऐसा लग रहा है जैसे देवलोक पृथ्वी पर उतर आया हो।

# धूमधाम से मनाया जा रहा है बावर क्षेत्र में नई दीपावली का त्योहार



विकासनगर। चार महासू देवता मंदिर से शनिवार को दिवाली त्यौहार झीश पईशओं के साथ शुरुआत कर दीपावली के त्योहार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में दिवाली के त्यौहार की रौनक दिखने लगी। गांवों से त्यूणी बाजार पहुंचे ग्रामीणों ने बाजार में जमकर खरीदारी की। बाबर खत के महासू देवता मंदिर हनोल बाशिक देवता मंदिर, मेनदरथ, पुरटाड, देवघार खत के शेडकुडिया देवता मंदिर, रायगी, अणु ,फेडिज गांव, खत लखौ, बाणाधार, कइलौ, मेशोऊ खत में नई दिवाली मनाई जाएगी। ग्रामीण नई दिवाली की तैयारियां जोरों से लगे हुए हैं। क्षेत्र का मुख्य बाजार त्यूणी बाजार खरीदारी करने पहुंचे ग्रामीणों से गुलजार रहा। दो तीन दिन से बाजार में खूब रौनक दिख रही है। जिससे बाजार के व्यापारी खुश हैं। व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रबीर रावत ने बताया कि दिवाली त्यौहार को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। व्यापार भी अच्छा चल रहा है। पुलिस प्रशासन को बाजार में यातायात व्यवस्था बनाने में पसीना छुट रहा है। थाना अध्यक्ष आषिश रवियान ने कहा कि व्यापार मण्डल व टैक्सी यूनियन के सहयोग से बाजार में यातायात व्यवस्था बनाने में मदद मिल रही है। चार महासू देवता के पुरोहित मोहनलाल सेमवाल ने बताया कि चार महासू देवता मंदिरों में अमावस्या 13 नम्बर को मनाई जाएगी, क्योंकि चार महासू देवता मंदिरों में भीरूडी मनाई जाती है जो शुक्ल पक्ष में भीरूडी के अखरोट प्रसाद चढ़ाया जाता है।

# देवबन खडम्बा सम्पर्क मार्ग को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने की मांग

विकासनगर। पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चकराता त्यूनी मार्ग से लगे देवबन खडम्बा सम्पर्क मार्ग को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर मार्ग को पक्का कराए जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। चकराता त्यूणी राष्ट्रीय राजमार्ग से जंगलात चौकी के समीप से देवबन खडम्बा सम्पर्क मार्ग कटता है। वर्तमान में इस मार्ग की देखभाल का जिम्मा वन निगम के पास है। लेकिन आजादी के दशकों बाद भी यह मार्ग आज तक कच्चा ही पड़ा हुआ है। होटल एसोसिएशन व टूरिस्ट डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगम्बर चौहान, सचिव अनुपम तोमर, व्यापार मंडल चकराता के अध्यक्ष केशर चौहान, जनजाति मोटर वेलफेयर ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह चौहान, ग्रामीण शबदर खान, शूरवीर सिंह, अमर सिंह, चमन, राजेश राणा, देब सिंह, आदि का कहना है कि देवबन खडम्बा से प्रतिवर्ष वन निगम के करोड़ों रुपये के प्रकाष्ठ का ढुलान होता है। साथ ही देवबन व उसके पास स्थित व्यास शिखर व मुंडाली आदि स्थान हैं। यहां आने वाले पर्यटकों के लिए भी यह स्थान आकर्षण का केंद्र है उनका कहना है कि वर्तमान में यह मार्ग कच्चा होने के साथ ही अत्यंत संकरा व जर्जर हालत में है। मार्ग पर जाने वाले ट्रक चालक अपनी जान हथेली पर लेकर यात्रा करते है।साथ ही छोटी कार व वाहन इस मार्ग पर जा ही नही पाते हैं। लेकिन सरकार इस मार्ग को पक्का करने पर ध्यान नहीं दे रही है कहना है कि मार्ग के पक्का होने पर इस क्षेत्र में पर्यटकों की आमद में भी बेतहाशा वृद्धि होगी। जिससे क्षेत्र के पर्यटन व्यवसाय को भी फायदा मिलेगा उन्होंने मार्ग को लो नि वि को हस्तांतरित कर उसे पक्का व चौड़ा करने की मांग की है।

## हरकी पैड़ी क्षेत्र में अंडे बेच रहा मुरादाबाद का युवक धरा

हरिद्वार। हरकी पैड़ी क्षेत्र के गंगा घाट पर अंडे बेच रहे मुरादाबाद यूपी के युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक की जमकर क्लास लेने के बाद उसके खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। इधर, क्षेत्रवासियों में गंगा घाट पर अंडा बेचने को लेकर आक्रोश पनप रहा है। मामला शुक्रवार का है। हरकी पैड़ी से सटे नाई घाट भागीरथी पुल के पास सिर पर अंडे से भरे टोकरे को लेकर घूम रहे युवक को आमजन ने पकड़ लिया।

## एक नजर

### विधायक फुरकान अहमद का आभार व्यक्त किया

रुड़की। यूपी सिंचाई विभाग की ओर से गंगनहर पुल के पीलर के बाहर बनी गोलाई हटाने पर लोगों ने विधायक हाजी फुरकान अहमद का आभार जताया।विधायक हाजी फुरकान अहमद और सभासद नाज़िम त्यागी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से वार्ता कर गोलाई को हटाने का आग्रह किया था। अधिशासी अभियंता ने जल्द गोलाई हटाने का आश्वासन दिया था। शनिवार को यूपी सिंचाई विभाग की टीम ने गोलाई को हटा दिया। इसके बाद सभासद नाजिम त्यागी के साथ स्थानीय लोगों ने विधायक हाजी फुरकान अहमद और सिंचाई अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सिंचाई विभाग के जेई मुकर्रम अली ने बताया कि नई गंगनहर के पीलर के बाहर बनी गोलाई को हटा दिया गया है।

### सफाई कर्मियों के साथ मनाई दीपावली

रुड़की(आरएनएस)। वैद्य टेक वल्लभ ने दीपावली पर्व की शुरुआत सफाई कर्मियों को मिष्ठान खिलाकर की। कहा कि सफाईकर्मी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह सभी कोरोना योद्धा, स्वास्थ्य के रक्षक हैं। इसलिए इनका सम्मान सबसे जरूरी है। पार्षद आशीष अग्रवाल ने इस कार्य की सराहना की। इस दौरान शिवम अग्रवाल, रामगोपाल शर्मा, मनीष चौहान, मुनीत चौहान, सुमित चौहान, सुपरवाइजर घनश्याम, अनीता रितु, रेखा, सुनीता, राजेश कुमार, मोंटी, मदन, विपिन, आशु, बृजपाल, मनीष, कनिया आदि उपस्थित रहे।

### राम मंदिर को लेकर 25 फीसदी बढ़ गई हरिद्वार में पटाखों की मांग

हरिद्वार। धर्मनगरी में दीपावली पर्व पर बाजारों में पटाखों की मांग पिछले सालों की अपेक्षा 25 फीसदी बढ़ी है। जनवरी 2024 में अयोध्या में निर्माणधीन राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस कारण धर्मनगरी में लोग दीपावली पर उत्साहित हैं। उत्साह में लोग पटाखों की जम कर खरीदारी कर रहे हैं। मांग बढ़ने के कारण बाजारों में विभिन्न पटाखों की कमी हो गई है। वहीं कारोबारियों की पटाखा बिक्री में इस वर्ष 25 फीसदी का इजाफा हुआ है।धर्मनगरी में राम मंदिर को लेकर लोगों में अलग ही उत्साह है। इस कारण दीपावली पर पटाखों की बिक्री बढ़ गई है। बाजारों में पटाखों की मांग बढ़ने के कारण अनार, फिरकी, जमीन मार गोले, लड़ियां आदि की कमी हो गई है। शनिवार को पटाखों की दुकानों पर लोगों की बड़ी भीड़ देखने को मिली।

# उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अब तक रोड शो में हुए करारों की ग्राउंडिंग के लिए तेजी से कार्य किये जाएं: मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में राज्य के विकास कार्यों में तेजी लाने एवं रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए शासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अब तक हुए रोड शो में जो करार हुए हैं, उन करारों की ग्राउंडिंग के लिए तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि देहरादून में 08 और 09 दिसम्बर को होने वाले आयोजन से पहले अधिकांश कार्य धरातल पर उतरें, इसके लिए तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में और सरलीकरण की जरूरत है, तो इसके लिए प्रस्ताव लाये जाएं। राज्य में जिन निवेश प्रस्तावों से अधिक रोजगार सृजन हो सकता है और राज्य की परिस्थितियों के हिसाब से जो प्रस्ताव अधिक अनुकूल हैं, उनको शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए हवाई कनेक्टिविटी को और विस्तार देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जॉलीग्रांट एयरपोर्ट और पंतनगर



एयरपोर्ट को अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने की दिशा में राज्य स्तर से की जाने वाली समस्त कार्यवाही शीघ्र की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिथौरागढ़ के नैनीसैनी हवाई पट्टी से नियमित हवाई सेवा संचालित करने के लिए की जा रही कार्यवाही में तेजी लाई जाए। इन सभी गतिविधियों में फास्ट ट्रेक मोड में कार्य किया जाए। राज्य में रोपवे निर्माण से संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य किये जाएं। राज्य में गढ़वाल मंडल और कुमांऊ मण्डल आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत दोनों मण्डलों में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए भी तेजी से कार्य किये जाएं। मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में चयनित मंदिरों के लिए मास्टर प्लान के आधार पर कार्यों में तेजी लाई जाय।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 28 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2023 तक देहरादून में होने वाले 06वें विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन की सभी तैयारियां समय पर सुव्यवस्थित तरीके से की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यह बड़ा आयोजन होना है। अनेक देशों से आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ इस आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान बनाने का राज्य के पास अच्छा अवसर है। मुख्यमंत्री ने आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन, अपर सचिव रणवीर सिंह चैहान, युगल किशोर पंत, सी. रविशंकर, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, महानिदेशक यू कॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव जे.सी काण्डपाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पलायन का दंश झेल रहा चकराता, त्यौहार की रौनक फीकी

विकासनगर। दीपावली को लेकर जहां शहरों में रौनक है। वहीं पर्यटन स्थल चकराता का बाजार सुनसान पड़ा हुआ है जिसका कारण स्थानीय लोग व व्यापारी पलायन को मान रहे हैं। बाजार में रहने वाले अधिकांश परिवार बच्चों की शिक्षा व अन्य कारणों से शहरों में पलायन कर गए हैं, जिसके बाजार में दिवाली की खरीदारी करने कम ही लोग पहुंच रहे हैं। जौनसार बावर का केंद्र बिंदु चकराता भी पलायन का दंश झेल रहा है।

वैसे तो चकराता से सटे अधिकांश गांवों में बूढ़ी दिवाली मनाई जाती है, लेकिन चकराता बाजार और आसपास के इलाके के लोग नई दिवाली मनाते हैं। लेकिन पिछले एक दशक में चकराता के व्यापार में काफी गिरावट आई है। जिसका असर अब त्योहारों पर भी दिखने लगा है। पूर्व में त्योहार पर बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रहती थी। लेकिन अब अधिकांश परिवारों के विकासनगर और देहरादून पलायन कर जाने के कारण त्यौहार की



रौनक फीकी नजर आने लगी है। शनिवार को छोटी दिवाली पर भी दुकानदार ग्राहकों की राह ताकते नजर आए। व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिह चौहान, किराना व्यापारी प्रताप चौहान, मिठाई विक्रेता पंकज जैन, राजकुमार मेहता, पटाखे व सजावट का सामान बेचने वाले नवीन जैन, अनिरुद्ध महेश्वरी, बर्तन विक्रेता अजय जैन, आदि का कहना है कि पढ़ाई व व्यापार के चलते कई परिवार यहां से पलायन कर चुके है। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग ने भी खासा असर डाला है। जिसके चलते व्यापार घट कर आधे से भी कम रह गया है। आलम यह है कि कई दुकानदारों ने तो त्योहारी सीजन का सामान ही लाना बंद कर दिया है क्योंकि उनकी लागत तक नही निकल पाती है।

# ज्वालापुर से लापता छात्रा गाजियाबाद में मिली

हरिद्वार। परिजनों से नाराज होकर घर से गई छात्रा को ज्वालापुर पुलिस ने गाजियाबाद यूपी से बरामद कर लिया। पुलिस ने छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि किशोरी रोजाना की तरह स्कूल जाने के लिए निकली थी लेकिन स्कूल न पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि छात्रा को गाजियाबाद यूपी से सकुशल बरामद कर लिया गया, जिसके बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। छात्रा परिजन से नाराज होकर घर से गई थी। उधर, श्यामपुर पुलिस ने सहारनपुर के किशोर को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि श्यामपुर पीठ बाजार में एक बालक घूमता हुआ मिला। सामने आया कि बालक की दिमागी हालत ठीक नहीं है। उसके हाथ पर गुदे मोबाइल फोन नंबर पर संपर्क करने पर उसकी पहचान सहारनपुर यूपी निवासी के रूप में हुई।

# चाईनीज सामान हुआ फूस, स्वदेशी की रही धूम

## छोटी दीपावली पर भी लोगों ने खूब की खरीददारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : छोटी दीपावली में भी कोटद्वार बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। दीवाली के लिए खरीदारी करने के लिए लोग सुबह से ही बाजार पहुंचने लगे। इस पर विशेषता यह रही कि दीवाली पर चीन निर्मित उत्पाद बाजार से पूरी तरह गायब रहे। उसके स्थान पर स्वदेशी उत्पादों की धूम रही।शनिवार को भी बाजार में ग्राहकों की रौनक बनी हुई थी। सुबह दस बजे बाजार में दुकानें खुल गईं और



कोटद्वार बाजार में लगी झालरों की दुकान



कोटद्वार बाजार में खरीददारी के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

ग्राहक भी नजर आने लगे। फुटपाथ पर खील-चीनी से बने खिलौने और बताशे के साथ ही गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां जगह-जगह बिकीं। इसके अलावा लोगों ने बिजली की झालरें, कंदील, फ्लावर समेत सजावट का अन्य सामान भी खरीदा। ये सभी उत्पाद पूरी तरह स्वदेशी रहे। गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां बड़ी दुकानों पर तो दिल्ली और कोलकाता से मंगाई गईं। सड़कों के किनारे फुटपाथ पर स्थानीय कारीगरों की बनी मूर्तियों की बिक्री होती रही। दोनों तरह की गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां लोगों ने खूब खरीदीं। मूर्तियों के साथ ही पूजन संबंधी सामग्री, मिठाई, आतिशबाजी की दुकानों पर भी ग्राहकों के पहुंचने का क्रम चलता रहा। गिफ्ट आईटम वाली दुकानों पर भी ग्राहकों का तांता लगा रहा। धनतेरस के बाद दीवाली की खरीदारी करने के लिए भी गांवों से बड़ी संख्या में लोग शहर में पहुंचे। बाजार में देर शाम तक रौनक बनी रही।

### चीनी झालर हुए आउट

पिछले वर्ष तक बाजार में 50 से 60 प्रतिशत तक चीनी झालरों का कब्जा रह गया था, जो इस बार घटकर मात्र 10 प्रतिशत तक ही रह गया है। स्वदेशी झालरें 40 रुपये से एक हजार रुपये तक उपलब्ध हैं और यह कई सीजन तक चलती हैं। इनकी मरम्मत भी हो जाती है। इस दीपावली जिले में स्वदेशी झालरों के अच्छे कारोबार की उम्मीद है। दीपावली के लिए कोटद्वार में दुकानें सजकर तैयार हैं। इस बार सबसे खास बात है कि गुणवत्ता के लिहाज से चीनी झालरों व लाइटों को लोग कम ही पसंद कर रहे हैं

### ये है झालरों व लाइटों की कीमत

छोटे बल्ब की 15 मीटर : 40 रुपये
छोटे बल्ब की 20 मीटर : 85 रुपये
छोटे बल्ब की 50 मीटर : 155 रुपये
बड़े बल्ब की 30 मीटर : 160 रुपये
रूफ लाइट प्रति मीटर : 40 रुपये
झूमर : 2000 से 5000 तक
मल्टी कलर झालर 40 फीट : 150
इलेक्ट्रॉनिक दीपक : 50 रुपये

## कोटद्वार ने जीता फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब

**पौड़ी** : राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित अंडर-19 फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब कोटद्वार की टीम ने जीता। फाईनल में कोटद्वार की टीम ने एसजीआरआर श्रीनगर की टीम को 1-0 से हराया। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कंडोलिया खेल मैदान में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष जसपाल सिंह नेगी ने फुटबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पौड़ी हमेशा से ही फुटबाल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन से लेकर अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने व जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पौड़ी व एसजीआरआर श्रीनगर की टीमों के बीच खेला गया। मुकाबले में एसजीआरआर श्रीनगर की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

## सीता का हुआ स्वयंवर, जयकारों से गूंजा पंडाल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बाल रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। इस दौरान पूरा पंडाल जयश्री राम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

हरसिंहपुर में आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ सुशील बड़थ्वाल व ईशा बड़थ्वाल ने किया। मंचन के दौरान भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। स्वयंवर में महाराजा दशरथ जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी धनुष का खंडन करेगा उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक-एक करके धनुष को खंडन करने का प्रयास किया, लेकिन सभी राजा विफल रहे। धनुष का खंडन तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह सब देखकर महाराजा जनक भरी



कोटद्वार के हरसिंहपुर में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

सभा में एलान करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष का खंडन करेगा। उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ मौजूद उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते है। लक्ष्मण को क्रोधित होता देख भगवान राम ने उनको शांत किया। यह सब देखकर मुनि विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को आदेश दिया कि वह धनुष का खंडन करें। भगवान श्री राम गुरु का आदेश का पालन करते हुए धनुष को तिनके के समान उठा कर उसका खंडन कर देते है। भगवान श्री राम के द्वारा धनुष का खंडन करते ही देवताओं के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया जाता है। धनुष तोड़ने के बाद सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी।

## इंटर कॉलेज मोटाढांक ने जीती प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : खेल निदेशालय के सहयोग और जिला क्रीड़ाधिकारी पौड़ी की ओर से राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही वॉलीबाल प्रतियोगिता इंटर कॉलेज मोटाढांक ने जीती। फाइनल मुकाबले में उसने एमकेवीएन की टीम को हराया। समापन समारोह में कृषि उत्पादन मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका विक्रिम सिंह नेगी, सतीश मौर्य, भास्कर नेगी, मंयक रावत, धीरेंद्र कंडारी, विनोद रावत, अनिल नेगी ने निभाई। इस अवसर पर स्टेडियम प्रभारी संदीप कुमार डुकलान, वरिष्ठ सहायक शिवम सिंह रावत, मनोज नेगी, आशीष भट्ट, अमित कुमार, वीरेंद्र प्रसाद और सूरज नेगी आदि मौजूद रहे।

## लाखों के गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : धुमाकोट पुलिस ने 83 किलो गांजे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई गांजे की कीमत करीब 13 लाख रुपये आंकी जा रही है।

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे की ओर से पुलिस को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं।



कोतवाली पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी

थानाध्यक्ष लाखन सिंह ने बताया कि दीपावली त्योहार को देखते हुए सिमड़ी, धुमाकोट के समीप तलाशी अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान पुलिस को उत्तर प्रदेश नंबर की एक कार आते हुए दिखाई दी। बताया कि जब कार को रोककर चालक व उसके एक अन्य साथी से पूछताछ की गई तो वह गोलमोल जवाब देने लगे। तलाशी के दौरान कार के पीछे कट्टों में भरी गांजा बरामद हो गई।

आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश जिला मुरादाबाद निवासी जाहिर व अल्मोड़ा, ग्राम तिराड़ी निवासी सुनील के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दीपावली त्योहार पर घर जाने वालों की उमड़ी भीड़, बस के लिए मारामारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : दीपवली की छुट्टी में अपने गांव जाने वाले लोगों की भीड़ बढ़ गई है। पछले दो दिन से मैदान से गांव जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। नतीजा रूट के लिए लगने वाले वाहनों में पहले सीट पाने के लिए यात्रियों में मारामारी हो रही है।

12 नवंबर को दीपावली पर्व मनाया जाना है। ऐसे में कई प्रवासी यह त्योहार मनाने के लिए मैदान से अपने गांव की ओर जा रहे हैं, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में अचानक यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। सुबह से ही रोडवेज अड्डा, जीएमओयू अड्डा व मैक्स अड्डा में यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई दे रही है। रूट के लिए बस लगते ही सीट फुल हो रही है। चौबट्टाखाल निवासी सचिन ने बताया कि वह सुबह दिल्ली से कोटद्वार पहुंच गए थे। लेकिन, करीब एक घंटे तक भी उन्हें गांव जाने के लिए वाहन नहीं मिल पाया। कई लोगों को वाहन बुक कर सफर करना पड़ा।



कोटद्वार के नजीबाबाद चौराहे में बस का इंतजार करते यात्री

# दो दिवसीय दीपावली आजीविका मेले का आयोजन



नई टिहरी : दीपावली के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने कलक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय दीपावली आजीविका मेले का आयोजन किया। आजीविका मेले का शुभारंभ डीएम मयूर दीक्षित ने किया। आजीविका मेले के शुभारंभ के बाद डीएम ने स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण कर महिलाओं की तैयार की गई सामग्री और स्थानीय उत्पादों का क्रय भी किया। डीएम ने कहा कि दीपावली आजीविका मेले के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्डों के स्वयं सहायता समूहों के द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पाद एवं हस्तकला के विपणन हेतु बाजार उपलब्ध कराना, उत्पादों को पहचान दिलाना तथा उनकी आर्थिकी को मजबूत करना है। अधिकाधिक खरीदारी का समूहों को उत्साहित करने की अपील भी डीएम ने की। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि मेले में अधिकारी-कर्मचारी भी स्थानीय उत्पादों को क्रय कर रहे हैं। मेले में जनपद के विभिन्न ब्लाकों के समूहों को शामिल किया गया है। स्थानीय उतपादों में गहत, भंगजीरा, जख्या, मंडवा का आटा, झंगोरा, दालें, तिल आदि के साथ ही महिलाओं द्वारा तैयार की गई सामाग्रियों में अचार, पहाड़ी नमक, जैम, रोटना, हवन सामग्री, धूपबत्ती, मोमबत्ती, एलईडी लड़ियां, स्वेटर, वॉल हेगिंग, साबुन, तेल आदि प्रमुखता से बिक रहा है। (एजेंसी)



# छोटी दीवाली पर की लोगों ने खूब खरीददारी

रुद्रप्रयाग : जनपद में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। लम्क्षी पूजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जबकि छोटी दीवाली पर लोगों ने खूब खरीददारी की। मुख्यालय सहित जिले के सभी कस्बों में व्यापारियों द्वारा बाजार सजाए गए। शनिवार को प्रमुख बाजारों में दीवाली का उत्साह देखने को मिला।

बड़ी संख्या में लोग मिठाई, बतासे और पटाखों की खरीददारी कर रहे हैं। घर और दुकान को सजाया गया है। दीपोत्सव की तैयारियां कर ली गई है। चारों ओर घर और दुकानों में चमचमाती लाइटें लगाई गई है। रविवार को लक्ष्मी पूजन की तैयारियां भी की गई है। लोगों में दीवाली को लेकर खासा उत्साह है। (एजेंसी)

# मां हरियाली देवी की डोली का कांठा पहुंचने पर भक्तों ने किया भव्य स्वागत

रुद्रप्रयाग : जनपद में प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां हरियाली देवी की डोली सूरज की पहली किरण निकलने पर कांठा मंदिर पहुंचीं। जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने मां के जयकारों से डोली का स्वागत किया। सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया। यहां पुजारी द्वारा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की कई, जबकि हवन और भोग लगाकर डोली दोपहर में जसोली मंदिर लौट गई है। हर साल धनतेरस पर शुरू होने वाली सिद्धपीठ हरियाली देवी की मायके जाने की पैदल यात्रा सदियों से चली आ रही है।

बीते शुक्रवार देर शाम को जसोली स्थित हरियाली देवी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के गर्भगृह से हरियाली देवी की भोगमूर्ति को डोली में रखते हुए मंदिर परिसर में सजाया गया। करीब सात बजे से मां हरियाली की डोली ढोल डमाऊं के साथ अपने मायके कांठा मंदिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान भक्तों के जयकारों के साथ क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। लगभग आठ किमी. लंबी यात्रा के दौरान मां हरियाली देवी की डोली ने अपने पहले पड़ाव बांसों में विश्राम किया। कुछ समय यहां पर ठहरने के बाद फिर से डोली अपने मायके लिए चल पड़ी। मां हरियाली देवी ने पंचरंग्या स्थान पर स्नान किया। जैसे ही मां की डोली कांठा मंदिर के समीप पहुंची, वैसे ही मायके पक्ष के लोगों ने डोली की अगुवाई करने पहुंचे। शनिवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही डोली कांठा मंदिर में पहुंची। कांठा को मां हरियाली का मायका माना जाता है। यहां डोली ने मंदिर की एक परिक्रमा करने के बाद मंदिर के पुजारी ने मां की भव्य पूजा-अर्चना कर गाय के दूध की खीर का भोग लगाया। पुजारी ने यहां पर जौ-तिल व घी की आहुतियों से हवन भी किया। यहां पर पूरी व हलवा बनाकर भक्तों ने इसको प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। पूजा अर्चना संपंन होने के बाद कांठा से डोली ने पुनः जसोली के लिए प्रस्थान किया।

# यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

उत्तरकाशी : नौगांव ब्लॉक के अंतर्गत डामटा में आयोजित यमुना घाटी कीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले के तीसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक विकास मेले में स्थानीय महिलाओं द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ तांदी एवं रांसो नृत्य किया, जिसका यहां पहुंचे हजारों की संख्या में मेलार्थियों ने इसका लुत्फ उठाया। यमुना घाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले का शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन करना था लेकिन कुछ तकनीकी खराबी के कारण मुख्यमंत्री कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री के नहीं पहुंचने से लोग मायूस दिखे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, पूर्व विधायक राजकुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष शशिमोहन राणा, श्याम डोभाल, संदीप राणा, अतोल रावत, परशुराम जगूड़ी, मुकेश टम्टा, मीनाक्षी रौंटा, नारायण सिंह चौहान, चमन चौहान, समिति के अध्यक्ष पूरण सिंह चौहान,



उपाध्यक्ष किशन सिंह चौहान, सचिव दयाराम थपलियाल, बचन सिंह चौहान, बलवीर सिंह चौहान, मंच संचालक कुशलानन्द नौटियाल, सुल्तान सिंह पंवार, दिनेश चौहन, अनिल चौहान, मुकेश चौहान, अतर सिहं राणा, अर्जुन सिंह पंवार, जगवीर, अनिल नेगी, शूरवीर चौहन, मुकेश राणा, कपिल चौहान आदि लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जिला प्रशासन ने तेज आवाज और प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों के जलाने पर लगाई रोक




नई टिहरी : टिहरी जिले में दिवाली पर वायु और ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए जिला प्रशासन ने तेज आवाज के साथ प्रदूषण फैलने वाले पटाखों के जलाने पर रोक लगाई है। जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में पटाखे बेचने वाले व्यापारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये गये हैं। सदर एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि पटाखे बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस जारी करते समय और लाइसेंस पर कई शर्तें का उल्लेख किया गया है। इसमें भारी आवाज और प्रदूषण फैलने वाले पटाखों की बिक्री नहीं करने समेत कई निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और अग्निशमन कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। दुकानदारों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ थाना और चौकियों में पुलिस अधिकारियों ने बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। उधर, दिवाली पर आग की घटना को रोकने के लिये पुलिस प्रशासन की ओर फायर वाहनों के साथ उपकरणों को तैयार रखा गया है। पुलिस ने आग की घटना पर तत्काल संबधिंत थाना, चौकी और फायर दफ्तर में सूचना देने की लोगों से अपील की है। उधर, जिला अस्पताल बौराड़ी के सीएमएस डॉ. अमित राय ने बताया कि प्रदूषण अधिक होने से दमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होती है, साथ छोटो–छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा दमा और अन्य मरीज इस दौरान घरों से कम बाहर निकलें और जरूरी हो तो मास्क लगाकर ही निकलें। बताया कि वायु प्रदूषण बढ़ने से आंखों में जलन भी हो सकती है। इस प्रकार की शिकायत होने पर समय–समय पर आंखों को साफ पानी से धोएं। (एजेंसी)

# दिवाली को लेकर लोगों में उत्साह



नई टिहरी : टिहरी जिले में दिवाली को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है, लोगों ने धनतेरस पर खूब खरीदारी की। छोटी दिवाली पर लोगों ने दुकानों से मिठाई खरीदी और घरों में स्वाले पकोड़े बना कर एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। शनिवार को छोटी दिवाली के त्योहार पर लोगों ने अपने चित-परिचितों को मिठाई और फल, फूल उपहार स्वरूप भेंट किये। दिवाली के मौके पर लोगों ने बाजारों में सजावटी सामान, खील बतासे, मिठाई की खरीदारी की। वहीं बच्चों ने पटाखें, फुलझड़ी आतिशबाजी आदि सामन खरीदा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने दिवाली पर चीड़ के छिलकों के भैले बनाये, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने अपने गाय, बैलों की पूजा-अर्चना भी की।

वृक्ष मित्र और शिक्षक त्रिलोक सोनी ने बताया कि दिवाली पर महालक्ष्मी की पूजा से एक दिन पहले छोटी दिवाली पर बल्दी बग्वाल मनाई जाती है।

इसमें गाय, बैलों और भैंस की पूजा करते हैं। आटे, चावल तथा अन्य अनाजों के आटे के गोले (पिंडा) बनाकर गाय और बैल और भैंस को खिलाया जाता है। बताया यह हमारी पौराणिक परंपरा है। साथ पशु धन के स्वस्थ रहने की कामना की जाती है। (एजेंसी)

## छात्र पार्थ सामंत की मौत के मामले में संदिग्धों से पूछताछ

**हल्द्वानी(सं)।** एलएलबी के छात्र पार्थ सामंत की मौत मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। तीन नामजद युवकों के अलावा भी पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है। इसके अलावा पार्थ के दोस्तों के मोबाइल की सीडीआर खगाल लिए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर क्षेत्र के लोगों से भी पूछताछ हुई है। पुलिस ने जल्द मामले में खुलासे का दावा किया है। मुखानी थाना एसओ प्रमोद पाठक ने बताया मामले में की जांच जारी है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## जंगलियागांव में गुलदार से निजात दिलाने को लेकर पिंजरा लगाया

**हल्द्वानी(सं)।** जंगलियागांव के सिमाला में एक साथ दो गुलदार दिखने के बाद वन विभाग ने शनिवार को क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं। साथ ही रात को गश्त कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बीते कुछ दिनों से जंगलियागांव में दो गुलदार दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। प्रधान राधा कुल्याल ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की।

# 3000 मी. दौड़ में सुमित, गौरी, 800 मी. में हितेश, शिवानी रहे अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ राजकीय इंटर कॉलेज किनसुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग में आयोजित की गई। अंडर-17 बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में हितेश पोगठा, अरमान बागी, कृष्णा कुठार, बालिका वर्ग में शिवानी कांडी, रश्मि कैंडुल ठागंगर, मानसी पोगठा, बालक वर्ग 3000 मीटर में सुमित सिंह कुठार, अमन कुमार कांडी, मोहित रियाल तैड़ी, बालिका वर्ग में गौरी कांडी, कशिश पोगठा, शीतल कैंडुल ठागंर ने क्रमशः प्रथ्म, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल महाकुंभ का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान किनसुर, दीप चन्द शाह, विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य किनसुर विक्रम सिंह बिष्ट, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनीता देवी एसएमसी अध्यक्षा राइंकॉ किनसुर, आंचल नेगी वार्ड सदस्य किनसुर, कुलदीप सिंह ग्राम प्रधान गूम, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र रावत, अध्यक्ष एवं संयोजक प्रधानाचार्य राइंकॉ किनसुर गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अंडर-14 बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ में सागर रावत कैंडूल, मानव रावत, संदीप कैंडुल ठागंर, 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मयंक जुयाल कैंडुल ठागंर, योगेश सिंह पोगठा, साहिल हतनूर, लंबी कूद बालक वर्ग में मंयक जुयाल कैंडुल ठागंर, प्रियांशु नेगी कांडी, मानव रावत कैंडुल ठागंर, ऊंची कूद बालक वर्ग में योगेश सिंह पोगठा, गोपाल कैंडुल ठागंर, समीर बागी, गोला फेंक बालक वर्ग में प्रियांशु नेगी किनसुर, सागर रावत कैंडुल ठागंर साहिल सिंह हतनूर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग में कैंडुल ठागंर विजेता, किनसुर उपविजेता रहा। बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में संजना रावत, संगीता, साक्षी पोगठा, 600 मीटर दौड़ में संगीता पोगठा, अनीषा भट्ट तैड़ी, अंबिता गूम, लंबी कूद में संजना पोगठा, सृष्टि, हिना नेगी कैंडुल ठागंर, गोला फेंक में हिना, करिश्मा, सृष्टि कैंडुल ठागंर क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी में किनसूर विजेता रहा, जबकि कैंडुल ठागंर उपविजेता रहा। अंडर-17 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में आयुष कुमार बागी, प्रियांशु, साहिल कैंडुल ठागंर, 400 मीटर दौड़ में अमन तैड़ी, जयदीप कैंडुल ठागंर, साचिन मौठाणा, गोला फेंक में अम्बर नेगी कांडी, सुजल, सुमित कैंडुल ठागंर, चक्का फेंक में अम्बर नेगी कांडी, सुजल कैंडूल, कृष्णा कैंडुल ठागंर, भाला फेंक में सुधांशु कुठार, जयदीप कैंडुल ठागंर, गौरव हतनूड़, ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार गुना 100 दौड़ में कैंडुल ठागंर प्रथम और किनसुर द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी में कैंडुल ठागंर विजेता, किनसुर उपविजेता रहा। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में पूजा हतनूर, तनीषा कैंडुल ठागंर, राशि पोगठा, 200 मीटर में पूजा हतनूर, श्वेता हतनूर, राशि कोट, 400 मीटर दौड़, में श्वेता हतनूर, शिवानी कांडी, लक्ष्मी डल ग्वाड़ी, लंबी कूद में कुमकुम बागी, तीनीषा कैंडुल ठागंर, भावना नेगी कांडी, भाला फेंक में रिया हतनूर, लक्ष्मी डल ग्वाडी, रश्मि कैंडुल ठागंर, चार गुना 100 रिले रेस में किनसुर, कैंडुल ठागंर, पोगठा क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी में किनसुर विजेता, कैंडुल ठागंर उपविजेता रहा। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक मनोज नेगी, महेन्द्र नेगी, संजय कुमार, जगवीर सिंह आदि मौजूद थे।


खेल महाकुंभ के विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।

# आरोपी को भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**सतपुली** : कल्जीखाल की पट्टी मनियारस्यूं क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म मामले में फरार दूसरे आरोपी को सतपुली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गत शुक्रवार को सतपुली पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवाड़ी ने बताया कि एक गांव की महिला ने दो युवकों पर बीती 30 अक्टूबर को दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए 4 नवंबर को राजस्व पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। राजस्व पुलिस को सौंपी तहरीर में महिला ने बताया कि दोनों युवकों ने 30 अक्टूबर को उसे सतपुली से घंडियाल जाने के लिए अपनी टैक्सी में बैठाया और अन्य सवारियों को रास्ते में उतार दिया था। इसके बाद दोनों युवकों ने रास्ते में महिला से दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने 4 नवंबर को राजस्व पुलिस में तहरीर दी जिस पर राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए रेगुलर पुलिस को भेजा। 7 नवंबर को मामला रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित किया गया। शुक्रवार को मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। फरार चल रहे दूसरे आरोपी योगेश उर्फ आकाश नेगी पुत्र यशवंत सिंह को सतपुली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर शनिवार को उसके घर किसमोलिया आमतोला, पट्टी पश्चिमी मनियारस्यूं से गिरफ्तार किया गया।

## स्टाफ की तैनाती से लेकर उपकरण व बेड के इंतजाम अस्पतालों में पुख्ता

**हल्द्वानी।** दिवाली के मौके पर पटाखों से जलने के बड़ी संख्या में मामले अस्पताल में पहुंचते हैं। इनमें कई केस गंभीर और अति गंभीर स्थिति वाले भी होते हैं। इन्हें लेकर शहर को डॉ. सुशीला तिवारी और बेस अस्पताल में शनिवार को व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर इंतजामात पुख्ता किए गए। साथ ही विशेषज्ञों से लेकर नर्सिंग स्टाफ तक सभी को जरूरी निर्देश देते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने सक्रियता बनाए रखने की बात कही है।

एसटीएच के बर्न वार्ड की दिवाली के समय पैक होने की पूरी आशंका रहती है। पटाखों से जलने वाले लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। वहीं कुमाऊं का सबसे बड़ा रेफर सेंटर होने की वजह से पर्वतीय क्षेत्रों से भी इमरजेसी मरीजों को रेफर किया जाता है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**


**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 225-DRM-MB-23-24 Date 10.11.2023 |
| कार्य का नाम | Hiring of 06 Multi utility vehicle & 1 Truck for SSE/P.way and SSE/Works for two years under ADEN/II/HRI. |
| अनुमानित लागत : 94,32,978.71 | धरोहर राशि : 1,88,700.00 |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 226-DRM-MB-23-24 Date 10.11.2023 |
| कार्य का नाम | Hiring of 03 Multi utility vehicle & 1 Truck for SSE/P.Way and SSE/Works for two years under ADEN/I/HRI. |
| अनुमानित लागत : 60,14,417.88 | धरोहर राशि : 1,20,300.00 |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय | 28.11.2023 16:00 |
| निविदा लागत राशि | 5000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 14.11.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |

न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.11.2023 3536/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## सम्पादकीय

# निशाने पर राज्य सरकार

लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी को खेलने का अभियान शुरू कर दिया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अलग–अलग मुद्दों को लेकर प्रखर नजर आने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर मौन व्रत कर रहे हैं तो वही प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह माहरा ने धामी सरकार पर विपक्ष के नेताओं की उपेक्षा करने के आरोप लगाए हैं। आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है लिहाजा इसे लोकसभा चुनाव की तैयारी से जोड़कर भी देखा जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत किसानों के बकाया भुगतान को लेकर एक बार फिर चर्चाओं में है और उन्होंने सीधा सरकार को घेरते हुए किसानों की खून पसीने की कमाई पर चीनी मिलों को आरोपित किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष करण महारा का कहना है कि सरकार और उसके मुखिया के लिए चुने हुए जनप्रतिनिधियों के लिए एक समान व्यवहार होना चाहिए लेकिन विकास योजना की स्वीकृति जारी करने से पहले यह देखा जा रहा है कि संबंधित जनप्रतिनिधि किस पार्टी का है? उत्तराखंड में दोनों ही नेता प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और कहीं ना कहीं यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के खेवनहार भी हैं। इसी कड़ी में यशपाल आर्य भी शामिल है जिन्होंने

कुछ कार्यों में राज्य की नौकरशाही को निशाने पर लिया है। पिछले दिनों शिक्षा से लेकर भर्ती तक में सामने आई धांधलियों को कांग्रेस मुद्दा बनाने की तैयारी में है तो वही इस बार कांग्रेस के मुख्य मुद्दों में राज्य लोकायुक्त की नियुक्ति व परिसंपत्तियों का विवाद मुख्य बिंदु बन सकता है। उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है और आगामी चुनाव में कांग्रेस इस वर्चस्व को तोड़ने की कोशिश कर रही है। हालांकि यह उठाए गए मुद्दे जनता के बीच कितने प्रभावकारी साबित होंगे यह तो खुद जानता ही निर्धारित करेगी लेकिन कांग्रेस को उत्तराखंड में अपने पैर जमाने के लिए अगले कुछ महीनो में कड़ी मेहनत तो करनी ही होगी। सरकार पर आरोपों की बौछार करने के साथ–साथ चुनावी माहौल बनाने की तैयारी अभी शुरू हो गई है, हालांकि राज्य सरकार कांग्रेस के इन आरोपों को गंभीरता से ले रही है ऐसा कहीं नजर नहीं आ रहा है।

# स्थायी समस्या का मौसमी समाधान

**अजीत द्विवेदी**



दिल्ली और उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में प्रदूषण की समस्या चिरस्थायी है। हर साल सर्दियों में आसमान में धूल और धुंध की काली चादर छाई रहती है। धीरे धीरे बहुत छोटे आकार के बेहद नुकसानदेह धूल कण यानी पीएम 2.5 हवा में बढ़ते जा रहे हैं। साथ ही नाइट्रोजन हाइड्रोऑक्साइड यानी एनओ2 की मात्रा भी बढ़ती जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि गाड़ियों के धुएं से होने वाले प्रदूषण को कम करने की सारी कोशिशें नाकाम हो गई हैं। ऐसा नहीं है कि सर्दियों के अलावा साल के बाकी समय में दिल्ली और उत्तर भारत के शहर प्रदूषण से मुक्त होते हैं। तब हवा थोड़ी साफ जरूर रहती है लेकिन वह मौसम की वजह से होती है। बारिश या तेज हवाओं की वजह से छोटे छोटे धूल कण हवा में ऊपर उठ जाते हैं, लटके नहीं रहते हैं इसलिए उनका असर थोड़ा कम रहता है।

प्रदूषण की इस समस्या के कई पहलू हैं। हवा के साथ साथ पानी भी प्रदूषित है क्योंकि नदियों की सफाई नहीं होती है और शहरों में गिनती के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं, जिनसे समूची आबादी के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नामुमकिन है। रसायनिक खाद और कीटनाशक के इस्तेमाल से मिट्टी लगातार प्रदूषित होती जा रही है और खाद्य श्रृंखला भी प्रदूषित हो गई है। फूड चेन इतनी प्रदूषित हो गई है कि घरों में आने वाली सब्जियां हों या मांस–मछली, सब केमिकल से भरे हुए हैं। मरे हुए जानवरों की शरीर इतना जहरीला हो गया है कि उनका मांस खाकर कुत्ते पागल हो रहे हैं और शहरों–कस्बों में तांडव कर रहे हैं तो गिद्ध से लेकर कौओं तक की प्रजाति उन्हें खाकर समाप्त होती जा रही है। लेकिन हवा, पानी और खाद्य वस्तुओं में से किसी का प्रदूषण खत्म या कम करने के लिए कोई ठोस और दीर्घावधि की योजना नहीं बन रही है। प्रदूषण की चर्चा भी सिर्फ तभी होती है, जब सर्दियों में राजधानी दिल्ली के आसमान पर धूल और धुएं की परत चढ़ती है।

हर साल की सर्दियों की तरह अभी फिर दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। लोगों का दम घुट रहा है। अस्पतालों में सांस की बीमारी वाले मरीजों की संख्या बढने लगी है। जो सक्षम हैं वे दिल्ली से बाहर के अस्थायी ठिकानों पर चले गए हैं या जाने वाले हैं। सरकारें सक्रिय हो गई हैं और न्यायपालिक का भी मौखिक हथौड़ा चलने लगा है। लग रहा है जैसे यह सबसे बड़ी समस्या है, जिसका समाधान इस बार निकल कर रहेगा और अगर नहीं निकला तो जैसा कि सवोच्च अदालत ने कहा है, उसका बुलडोजर चलेगा और कई दिनों तक नहीं रूकेगा। लेकिन हकीकत यह है कि यह सब कुछ हर साल होता है। हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण बढने पर पुरानी गाड़ियों के दिल्ली में आने पर पाबंदी लगती है, पटाखों पर लगाई गई अदालती रोक को नए फैसले के जरिए दोहराया जाता है, पानी का छिडक़ाव शुरू होता है, बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं, वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा जाता है और पार्टियां एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाती हैं। इतने में दो महीने बीत जाते हैं और फिर इसके साथ ही प्रदूषण से हर साल होने वाली मौसमी लड़ाई समाप्त हो जाती है। इसके बाद पूरे साल कुछ नहीं किया जाता है। यह हर साल की कहानी है।

दिल्ली और समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में प्रदूषण के तीन मुख्य स्त्रोत हैं। पहला, पड़ोसी राज्यों में धान की फसल कटने के बाद उसके डंठल यानी पराली को जलाना। दूसरा, गाडियों का धुआं और तीसरा, उद्योग व निर्माण कार्यों से होने वाला प्रदूषण और सडक़ किनारे पड़ा कचरा। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण पर सुनवाई करते हुए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तीनों राज्यों को पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। सवोच्च अदालत ने पंजाब को लेकर खासतौर से नाराजगी जताई। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाया था कि पंजाब में उनकी सरकार बन गई तो वे पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगा देंगे और दिल्ली के लोगों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराएंगे। लेकिन अब जबकि दिल्ली की हालात पहले से भी खराब हो गए है तो केजरीवाल और उनकी पूरी सरकार हरियाणा व उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार पर आरोप लगाने में जुट गई है। यह उनकी खासियत है कि वे हर बार गोल पोस्ट बदल देते हैं और हर गड़बड़ी का ठीकरा दूसरे पर फोडने लगते हैं। हकीकत यह है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ बरसों में पराली जलाने की घटनाओं में बहुत कमी आई है। पंजाब में भी कुछ कमी आई है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। तभी सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब से ज्यादा नाराजगी जताई। परंतु केजरीवाल और उनकी पार्टी पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे दो महीने का समय काट रहे हैं ताकि अपने आप हवा साफ हो जाए।

अगर सरकारें चाहें तो पराली जलाने की घटनाओं को बहुत कम कर सकती हैं। इसके लिए कई उपाय सुझाए गए हैं। धान की मौजूदा प्रजाति की जगह दूसरी प्रजाति की खेती को प्रोत्साहित करने का उपाय सुझाया गया है तो साथ ही धान की बजाय दूसरी फसल की खेती को प्रोत्साहित करने का सुझाव भी दिया गया है। अगर केंद्र सरकार दूसरी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी घोषित करती है, सरकारी खरीद की व्यवस्था बनाती है और राज्य सरकारें उस पर बोनस की घोषणा करती हैं तो किसान दूसरी फसल उपजाने की ओर अग्रसर होंगे। हिंदुत्व की राजनीति को साधने के लिए जिस तरह सरकारें गौमूत्र और गोबर खरीद रही हैं अगर उसी तरह से पराली खरीदने या उसके निपटान की कोई अन्य व्यवस्था करती हैं तो इस समस्या से आसानी से निजात पाई जा सकती है।

जहां तक गाडियों के धुएं का मामला है तो इसके लिए भी सरकारों को दीर्घावधि की योजनाएं बनानी होंगी। यह पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की तरह एक–दो महीने का मामला नहीं है, बल्कि पूरे साल चलने वाली समस्या है। इसलिए सरकारों को इस पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। स्वच्छ ईंधन से चलने वाली गाडियों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था को ठीक करना होगा। यह रातों–रात होने वाला काम नहीं है। सरकारें इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को प्रोत्साहित कर रही हैं लेकिन अभी इनकी कीमत ज्यादा है और इनके साथ कई व्यावहारिक समस्याएं भी हैं। उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। साथ साथ डीजल व पेट्रोल की गाडियों को सडक़ से हटाने के उपाय भी करने होंगे। भारत की मुश्किल यह है कि ऑटोमोबाइल की बिक्री का अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान होता है इसलिए भारत में स्कैंडिनेवियाई देशों की तरह गाड़ी खरीदने पर लाइसेंस और पार्किंग आदि अनिवार्य करने के नियम नहीं लागू किया जा सकता है।

# पलट गई पूरी कहानी

अब चूंकि 94 लाख परिवार अति गरीबी की अवस्था में हैं, तो बिहार के मुख्यमंत्री ने उनमें से हर परिवार को दो लाख रुपए देने की घोषणा की है। मगर इससे बिहार की स्थायी आर्थिक और शैक्षिक समस्याओं का समाधान कैसे निकलेगा, यह उन्होंने नहीं बताया है।

बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन ने जातीय सर्वेक्षण करवा कर आने वाले चुनावों के लिए जो कथानक तैयार करना चाहा था, सर्वे से सामने आए आंकड़ों ने उसे पूरी तरह पलट दिया है। पहले तो बिहार की सामाजिक (यानी जातीय) संचरना के जो आंकड़े बीते दो अक्टूबर को जारी हुए, उनसे इस बारे में पहले से मौजूद धारणा में नाटकीय बदलाव का कोई स्त्रोत नहीं मिला। अब जो जाति–वार आर्थिक आंकड़े जारी हुए हैं, उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि असल में पूरा बिहार ही अपेक्षाकृत गरीब और पिछड़ा है। राज्य में मासिक छह हजार रुपए से कम पर गुजारा चलाने वाले परिवारों के लिहाज से देखें, तो सवर्ण और ओबीसी परिवारों की संख्या में फासला सिर्फ सात

**94 लाख परिवार अति गरीबी की अवस्था में हैं, तो मुख्यमंत्री ने उनमें से हर परिवार को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। मगर इससे बिहार की स्थायी आर्थिक और शैक्षिक समस्याओं का समाधान कैसे निकलेगा, यह उन्होंने नहीं बताया है। जाहिर है, यह रकम अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती करके ही जुटाई जाएगी। इस तरह दीर्घकालिक विकास में निवेश की कीमत पर अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दिलाने वाले कदम पर अमल किया जाएगा। यह कितना सही नजरिया है, इस पर बहस की गुंजाइश है। बहरहाल, अब यह प्रमुख सवाल उठा है कि बिहार की इस हालत के लिए जिम्मेदार कौन है?**

प्रतिशत का है। अगर 20 हजार रुपए से कम पर गुजारा चलाने वाले परिवारों पर गौर करें, तो यह फासला सिर्फ 3–4 प्रतिशत का रह जाता है। दूसरी तरफ बिहार में कुल सरकारी नौकरियां तकरीबन 16 लाख हैं, जिनमें से लगभग 10लाख पहले से ही ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों के पास हैं।

ऐसे में इन समुदायों के लिए आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 65 प्रतिशत करने का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एलान महज प्रतीकात्मक बन कर रह जाता है। अब चूंकि 94 लाख परिवार अति गरीबी की अवस्था में हैं, तो मुख्यमंत्री ने उनमें से हर परिवार को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। मगर इससे बिहार की स्थायी आर्थिक और शैक्षिक समस्याओं का समाधान कैसे निकलेगा, यह उन्होंने नहीं बताया है। जाहिर है, यह रकम अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती करके ही जुटाई जाएगी। इस तरह दीर्घकालिक विकास में निवेश की कीमत पर अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दिलाने वाले कदम पर अमल किया जाएगा। यह कितना सही नजरिया है, इस पर बहस की गुंजाइश है। बहरहाल, अब यह प्रमुख सवाल उठा है कि बिहार की इस हालत के लिए जिम्मेदार कौन है? महागठबंधन में शामिल दल इस जवाबदेही से बच नहीं सकते। आखिर मंडलवादी दौर आने के बाद से बिहार की सत्ता उनके हाथ में ही रही है। और वे केंद्र की सत्ता में भी ज्यादातर समय तक भागीदार रहे हैं।

# अयोध्या बनेगी विश्व की सबसे सुदंर नगरी, चल रही हैं 30 हजार करोड़ की योजनाएंः योगी

**लखनऊ, एजेंसी।** अयोध्या भगवान श्रीराम की प्रिय नगरी है और इसे दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में विकसित करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पबद्ध है। आज अयोध्या में जितने पर्यटक आ रहे हैं, उससे 10 गुना ज्यादा पर्यटक आगामी मकर संक्रांति और 22 जनवरी 2024 को भव्य राममंदिर के उद्घाटन के बाद यहां आने लगेंगे। इसलिए अयोध्यावासी अभी से अतिथि देवो भवः के संकल्प के साथ जुड़ जाएं। अयोध्यावासी उस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। ये बातें शनिवार को दीपोत्सव के अवसर पर रामकथा पार्क में प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी के वंदन अभिनंदन एवं प्रतीकात्मक राज्याभिषेक कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब दीपोत्सव का कार्यक्रम यहां प्रारंभ हुआ था तक अयोध्यावासियों में उत्साह के साथ तमन्ना भी दिखती थी। एक नारा गूंजता था कि "योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो..."। आज 500 वर्षों के बलिदानों, आंदोलनों, अभियानों के उपरांत प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। अब अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी बनती है कि जब 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान श्रीराम को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने के लिए आएं, तब अयोध्या में उनका स्वागत भी ऐतिहासिक होना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने दीपावली की सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम यहां दीपोत्सव के साक्षी बन रहे हैं। यह दीपोत्सव दुनिया के 100 से अधिक देशों में लाइव हो रहा है। दुनिया देख रही है कि कैसे भगवान श्रीराम हजारों साल पहले पुष्पक विमान से अयोध्या आए होंगे और कैसे देवताओं ने आकाश से पुष्पवर्षा की होगी।

हमने सात साल पहले इस कार्यक्रम को जब शुरू किया तो असमंजस की स्थिति थी। उस वक्त पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यहां जिस कार्यक्रम को शुरू किया गया, वो आज प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है। हम सब नई अयोध्या को बनते हुए देख रहे हैं। अयोध्या में इस वक्त 30 हजार 500 करोड़ से विकास की 178 परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। अगर निजी क्षेत्र की भी भागीदारी जोड़ लें तो आने वाले वक्त में यहां 50 हजार करोड़ की परियोजनाएं मूर्त रूप लेती दिखेंगी। इससे लाखों की संख्या में रोजगार का सृजन होगा।

## पूर्वी इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकंप, रिक्टर स्केल पर 6.2 रही तीव्रता

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में शनिवार को 6.2 तीव्रता का एक और जोरदार झटका आया लेकिन इससे सुनामी नहीं आई। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि स्थानीय समय के अनुसार 03:45 पर आये 6.2 तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र समुद्र तल पर था। एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मालुकु तेंगारा बारात (तनिंबर द्वीप) जिले से 249 किमी उत्तर पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था।

एजेंसी ने कहा कि 5.3 और 5.2 की तीव्रता वाले तीन और मध्यम झटके भी दर्ज किए गए तथा आधी रात के बाद से कमजोर ताकत वाले कई अन्य झटके भी आए हैं। एजेंसी के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की क्योंकि भूकंप के झटकों से बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। बुधवार को मालुकु प्रांत में 7.1 तीव्रता का एक शक्तिशाली मुख्य झटका आया, फिर भी इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं या कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। पेसिफिक रिंग ऑफ फायर कहे जाने वाले संवेदनशील भूकंप प्रभावित क्षेत्र पर स्थित होने के कारण, इंडोनेशिया, एक द्वीपसमूह राष्ट्र, अक्सर भूकंप से त्रस्त होता रहा है।

## कनाडा में भारतीय मूल के सिख व्यक्ति की गैंगवार में हत्या, 11 वर्षीय बच्चे को भी गोलियों से भूना

**टोरंटो ,एजेंसी।** कनाडा के एडमॉन्टन शहर में एक सिख व्यक्ति और उसके 11 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 41 वर्षीय हरप्रीत सिंह उप्पल और उनके बेटे की एक शॉपिंग प्लाजा में गैस स्टेशन के बाहर उनके वाहन में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। एडमॉन्टन पुलिस ने कहा कि दोनों पीड़ितों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वाहन में सवार एक अन्य लडका बच गया।

पुलिस ने कहा कि उप्पल ब्रदर्स कीपर्स नामक गिरोह का सदस्य था और हत्या का संबंध प्रतिद्वंद्वी यूएन गिरोह से है। वह अक्टूबर 2021 में तब बच गए थे, जब एक बंदूकधारी ने उन पर कई गोलियां चलाई, जब वह अपने परिवार के साथ पिज्जा की दुकान पर खाना खा रहे थे। पुलिस ने कहा कि उप्पल को खत्म करने के इरादे से उनका पीछा किया गया और ऐसा ही हुआ।

पुलिस ने कहा, युवा शख्स व उसके बेटे के बारे में, हम अभी तक नहीं जानते कि उन्हें क्यों निशाना बनाया गया। मृतक को अनधिकृत हथियार रखने के आरोप में 2013 में 15 महीने की जेल हुई थी। उन्हें कोकीन रखने और तस्करी के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ रहा था।

अतीत में, उन पर हथियार से हमला करने और अनधिकृत बंदूक रखने का भी आरोप लगाया गया था।

## आईडीएफ ने सैन्य चौकी 'बद्र' को किया नष्ट, हमास के कई आतंकवादियों को मार गिराया

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने हमास आतंकी समूह की सैन्य चौकी 'बद्र' को नष्ट कर दिया है और कई आतंकवादियों को मार गिराया है। आईडीएफ ने बीती रात एक बयान में कहा कि वह कुछ दिनों से हमास आतंकी समूह की शाती बटालियन की 'बद्र' चौकी को निशाना बना रहा था इसमें कहा गया है कि जब से हमला शुरू हुआ है, आईडीएफ ने 150 आतंकवादियों को मार गिराया है। इजराइली सेना ने कहा कि यह शाती सीमा पर आखिरी चौकी थी और उसने हमास के प्रक्षेपण स्थलों और एक भूमिगत नेटवर्क को भी ढूंढ लिया और नष्ट कर दिया है।

## बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो से मिले पीएम मोदी, शेयर की मुलाकात की तस्वीरें

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुभवी बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो से मुलाकात की और कहा कि सिनेमा की दुनिया में उनके कामों की पीढ़ियों से सराहना की जाती है।

पीएम मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा की। पहली तस्वीर में दोनों बैठे हुए हैं और बात कर रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दो आइकन कैमरे के लिए पोज देते दिख रहे हैं। कैप्शन के लिए, उन्होंने लिखा, सायरा बानो जी से मिलना अद्भुत रहा। सिनेमा की दुनिया में उनके बेहतरीन काम ने कई पीढ़ियों को बहुत सिखाया है और सब उनकी तारीफ करते हैं। आज उनसे इस मुलाकात में कई अलग-अलग विषयों पर अच्छी बातचीत हुई।सायरा बानो दिवंगत दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार की पत्नी हैं।

## शाह ने अब धार की चुनावी सभा में किया 3 दीवाली मनाने का जिक्र, कांग्रेस पर इसी को लेकर साधा निशाना

**धार , एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को प्रदेश के धार में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। धार में वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भारत माता की जय नारा लगाकर 'एमपी के मन में मोदी' सभा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि राजा भोज की इस महान नगर में इतनी बड़ी संख्या में आए हुए प्यारे भाइयों, बहनों, माताओं और मेरे जिगर के टुकड़े जैसे युवा मित्रों आप सभी को नमस्कार। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को पूरे मध्यप्रदेश की जनता को दीपावली की बहुत-बहुत अग्रिम शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कल धनतेरस थी और आज रूपचौदस है, कल दीपावली है। उन्होंने सभा से पूछा कि कल पटाखे जलाओगे क्या, अरे जोर से बोलो जलाओगे। इस बार मध्यप्रदेश में तीन बार दीपावली मनानी है। कितनी बार तीन बार। उन्होंने कहा कि अरे धार वालों बोल तो देते हो कि तीन बार दीपावली मानानी है, मगर क्यों? अरे रहने दो बहन जी, मैं बताता हूं आपको। देखिए पहली दीपावली तो कल मनाओगे, बरोबर है। दूसरी दीपावली तीन दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर मनानी है। दो हो गईं और तीसरी दीपावली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में राम लला बैठें तब मनानी है। मुझे बताओ धार वालों तीनों दीपावली मनाओगे? इसके जवाब में सभा में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने खूब उत्साह दिखाया।



इसके बाद शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 से 'रामलला को अपमानित' करके टेंट बिठाए रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उनका मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस पार्टी ने मंदिर को लटकाने का, भटकाने का और अटकाने का काम किया। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। अब 22 जनवरी को रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगे।

## डल झील में लगी आग, 5 हाउसबोट और कई आवास जलकर राख, करोड़ों का नुकसान

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डल झील में शनिवार को कम से कम पांच हाउसबोट और 10 से अधिक काष्ठनिर्मित आवासों में आग लग गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह पांच बजे डल झील में घाट नंबर 9 के पास एक हाउसबोट में आग लग गई और आसपास के अन्य हाउसबोट तथा अन्य लकड़ी के आवासीय ढांचे को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए रिवर स्टेशन नेहरू पार्क, बटमालू और गावकदल से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गयी। घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। आग लगने से करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।



श्रीनगर के उपायुक्त ऐजाज असद ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, कश्मीर पुलिस और अग्निशमन एवं आपातकालीन एजेंसियों की टीमें हरकत में आईं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हाउसबोटों में ठहरे पर्यटकों और निवासियों को सबसे पहले बचाया गया और सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

## ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में अमित कत्याल को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर अमित कात्याल को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। मामले के सिलसिले में शुक्रवार रात पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया।

दक्षिण दिल्ली की पॉश न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में कात्याल के परिसर को एके इंफोसिस्टम्स के कार्यालय के रूप में घोषित किया गया था, लेकिन राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा आवासीय परिसर के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है।

## गाजा के अल शिफा अस्पताल में बिजली कटने से 39 बच्चों पर मंडरा रहा 'मौत का खतरा'

**गाजा, एजेंसी।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है।

स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं।



एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गाजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है।

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अल-शिफा बमबारी की चपेट में आ रहा है। गाजा पट्टी में 20 अस्पताल कार्रवाई से बाहर हैं। शनिवार तड़के इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि गाजा पट्टी में आतंकवादियों द्वारा लॉन्च की गई एक विफल मिसाइल अल-शिफा अस्पताल पर गिरी। आईडीएफ ने कहा है कि हमास अल-शिफा के नीचे सुरंगों से काम करता है। हालांकि, उग्रवादी समूह ने इस आरोप से इनकार किया है। यह घटनाक्रम इजरायल द्वारा अस्पताल के बाहर एक एम्बुलेंस को निशाना बनाए जाने के एक सप्ताह बाद आया है, जिसमें कम से कम 15 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए।

# रचिन रवींद्र ने बने आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ, जसप्रित बुमराह और डी कॉक को छोड़ा पीछे




बेंगलुरु, फॉर्म में चल रहे न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रचिन रवींद्र ने शुक्रवार, 10 नवंबर को अक्टूबर 2023 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। उभरते हुए युवा खिलाड़ी ने गुरुवार को प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की जगह पक्की कर दी और अब इसे पहले आईसीसी पुरस्कार के साथ मना रहे हैं। 23 वर्षीय स्पिन ऑलराउंडर ने पुरस्कार का दावा करने के लिए भारत के जसप्रित बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक की चुनौती को पार कर लिया। रचिन ने भारत में चल रहे विश्व कप में 565 रन और पांच विकेट लेकर सनसनीखेज प्रदर्शन किया है और क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया है।

अक्टूबर में, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में नाबाद शतक बनाकर विश्व कप की शुरुआत की। उन्होंने 28 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और शानदार शतक लगाकर इस गर्म महीने का समापन किया, लेकिन दुर्भाग्य से, 389 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम की करीबी हार हुई। रचिन ने अक्टूबर में भारत और नीदरलैंड के खिलाफ अर्द्धशतक भी दर्ज किया और तीन विकेट भी लिए। बुमराह ने पिछले महीने सात वनडे पारियों में 14 विकेट लिए और डी कॉक ने विश्व कप की आठ पारियों में 550 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचाया।रवींद्र ने आईसीसी से कहा, ''मैं यह पुरस्कार जीतकर बहुत आभारी हूं।'' उन्होंने कहा, यह व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक विशेष महीना रहा है। भारत में विश्व कप खेलने में सक्षम होना अविश्वसनीय रूप से विशेष रहा है। टीम द्वारा समर्थित होने से बहुत मदद मिलती है, बहुत अधिक स्वतंत्रता के साथ वहां जाने में सक्षम होना, और अपना खेल दिखाना स्वाभाविक खेल। सौभाग्य की बात यह है कि विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं, सकारात्मक होने और खेल को आगे ले जाने के मामले में मेरे खेल के अनुकूल हैं।

# फिसड्डी निकली 'बाबर की सेना', इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई




नई दिल्ली। पाकिस्तान के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की आस पहले से ही न के बराबर थी और इंग्लैंड ने उसके ताबूत में अंतिम कील भी ठोक दी। बेन स्टोक्स (84), जो रूट (60) और जानी बेयरस्टो (59) के जबर्दस्त अर्धशतक और अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे डेविड विली (3/56) की शानदार गेंदबाजी के बल पर इंग्लैंड ने शनिवार को ईडन गार्डेंस स्टेडियम में पाकिस्तान को ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में 93 रनों से हरा दिया। इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 337 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 43.3 ओवर में 244 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाज आगा सलमान (51) ने एकमात्र अर्धशतक लगाया। कप्तान बाबर आजम (38) अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। अंत में पुछल्ले बल्लेबाज हारिस रऊफ (35) ने कुछ लंबे-लंबे शाट्स जरूर लगाए, लेकिन तब तक मैच हाथ से निकल चुका था।

**दसवें विकेट के लिए हुई 53 रन की साझेदारी**

हारिस ने मोहम्मद वसीम जूनियर के साथ दसवें विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी की, जो पाकिस्तान के लिए मैच की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इंग्लैंड के लिए मोईन अली, आदिल राशिद और गस एटकिंसन ने दो-दो विकेट लिए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने छह अंकों के साथ अपना विश्वकप अभियान समाप्त करते हुए 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाइ कर लिया है।

**सेमीफाइनल के लिए पाक को 40 गेंदों में बनाने थे 368 रन**

पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 338 रनों का लक्ष्य 6.4 ओवर यानी मात्र 40 गेंदों में प्राप्त करना था, जो कि हरेक गेंद पर छक्का लगाने पर भी संभव नहीं था। पहली 40 गेंदों तक पाक टीम ने दो विकेट पर 30 रन बनाए थे और उसी के साथ आधिकारिक रूप से विश्वकप से बाहर हो गया था।

# शेवचेंको ने खाचानोव को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



मेट्ज़, अलेक्जेंडर शेवचेंको ने मोसेले ओपन में करेन खाचानोव को हराकर एटीपी टूर सेमीफाइनल में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने मेट्ज़ के इनडोर एटीपी 250 में तीसरी वरीयता प्राप्त खाचानोव को 6-4, 6-4 से हराया, जो पेपरस्टोन एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 20 में एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनकी दूसरी जीत थी। शेवचेंको ने 73 मिनट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव को परेशान करने के लिए अपने सामने आए सभी तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस सप्ताह मेट्ज़ में माथियास बौर्ग्यू, मेट वाल्कुज़ और खाचानोव को हराने के बाद, शेवचेंको पेपरस्टोन एटीपी लाइव रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 60वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जिससे वह अगले सोमवार को अपने करियर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने एटीपी टूर पर ब्रेकआउट सीजन का आनंद लिया है, जिसमें 15 टूर-स्तरीय जीत दर्ज की हैं और दो सप्ताह पहले बासेल में एटीपी 500 में अपने पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। फ्रांस में शेवचेंको के अगले प्रतिद्वंद्वी पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट होंगे, जिन्होंने लुका वान एश की दौड़ को 4-6, 6-3, 7-5 से जीत के साथ समाप्त किया। हर्बर्ट ने इस सप्ताह से पहले 20 महीने से अधिक समय में कोई टूर-स्तरीय एकल मैच नहीं जीता था, लेकिन अब वह अपने करियर के 12वें एटीपी टूर सेमीफाइनल की तैयारी कर रहे थे। मेट्ज़ शाम के सत्र में, चौथी वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट एक अन्य फ्रांसीसी, क्वालीफायर हेरोल्ड मेयोट को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में दूसरे घरेलू पसंदीदा बन गए। हम्बर्ट का अगला मुकाबला फैबियो फोगनिनी से होगा, इतालवी खिलाड़ी ने मौजूदा चैंपियन लोरेंजो सोनेगो को 6-1, 6-2 से हराकर सीजन के अपने पहले टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# हमें सुधार करने में मदद के लिए अधिक एक दिवसीय और टेस्ट क्रिकेट चाहिए: हशमतुल्लाह शाहिदी

अहमदाबाद ,अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी पर वनडे और टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने की जिम्मेदारी डाली ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर सुधार करने में मदद मिल सके।

अफगानिस्तान, जो वर्तमान में आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर है, को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शुक्रवार को अपने आखिरी लीग गेम में दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराना होगा और यह भी उम्मीद करनी होगी कि पाकिस्तान इंग्लैंड से हार जाए।

शाहिदी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 50 ओवर का क्रिकेट भी महत्वपूर्ण है फिलहाल, बहुत सारी लीग हैं, बहुत ज्यादा टी20 क्रिकेट है और मुझे लगता है कि 50 ओवर और टेस्ट क्रिकेट अधिक महत्वपूर्ण है। अगर हमारे पास वे मैच हैं, तो हम निश्चित रूप से और अधिक सुधार करेंगे। हम अपने क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी से उम्मीद कर रहे हैं कि वे हमें मौका देंगे। हमारे सुधार के लिए और अधिक मैच। उन्होंने कहा, हमारे पास एक क्रिकेट बोर्ड और प्रबंधन है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे अन्य टीमों के साथ काफी सीरीज खेलेंगे। 50 ओवर का क्रिकेट होगा। मैं इसकी उम्मीद कर रहा हूं।

जबकि उन्होंने पिछले विश्व कप के अंत और इस विश्व कप की शुरुआत के बीच



वेस्टइंडीज, श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला सहित 29 एकदिवसीय मैच खेले, विश्व कप सुपर लीग के बंद होने का मतलब है कि अफगानिस्तान को अब बड़ी टीमों के खिलाफ श्रृंखला की गारंटी नहीं है।

उन्हें अगले चक्र में 33 मैच खेलने हैं, लेकिन शीर्ष आठ में शामिल टीमों के खिलाफ केवल छह और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका या पाकिस्तान के खिलाफ कोई नहीं।

# ऑस्ट्रेलिया ने पुणे में रचा इतिहास, चार दिन में तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड







नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के 43वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 8 विकेट से रौंदा। मिचेल मार्श ने बांग्लादेश के बॉलिंग अटैक से जमकर खिलवाड़ किया और 132 गेंदों पर 177 रन की तूफानी पारी खेली। मार्श की ताबड़तोड़ इनिंग के बूते कंगारू टीम ने बांग्लादेश से मिले 307 रन के लक्ष्य को 44.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चार दिन के भीतर अपना ही रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है।

**वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा चेज**

बांग्लादेश के खिलाफ 307 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक चेज करने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने इतिहास रच दिया है। वनडे विश्व कप में कंगारू टीम का यह अब तक का सबसे बड़ा रन चेज भी है। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ 7 नवंबर को ऑस्ट्रेलियाई ने 292 रन बनाते हुए 27 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया था। इसके साथ ही वनडे क्रिकेट में यह बांग्लादेश के खिलाफ सफलतापूर्वक हासिल किया गया दूसरा सबसे बड़ा रन चेज भी है।

**मिचेल मार्श ने मचाई तबाही**

ट्रेविस हेड के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद क्रीज पर उतरे मिचेल मार्श ने बल्ले से जमकर तबाही मचाई। मार्श ने बांग्लादेश के हर गेंदबाज की खूब धुनाई की और मैदान के चारों कोने में खुलकर शॉट्स लगाए। 132 गेंदों का सामना करते हुए मार्श ने 177 रन की नाबाद पारी खेली। इस पारी के दौरान कंगारू बैटर के बल्ले से 17 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के निकले। मार्श ने डेविड वॉर्नर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 120 रन की तेज तर्रार साझेदारी निभाई। वॉर्नर के पवेलियन लौटने के बाद मार्श को स्टीव स्मिथ के रूप में बढ़िया जोड़ीदार मिला और दोनों ने 175 रन की अटूट पार्टनरशिप जमाते हुए ऑस्ट्रेलिया को लगातार सातवीं जीत दिलाई।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com